Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 16 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 78

## पंजाब पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल पकड़ा, ग्रेनेड, पिस्टल, ड्रोन बरामद, 10 युवक गिरफ्तार

**अमृतसर** । आरएनएस



पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान कमिश्नरेट पुलिस (सीपी) अमृतसर ने पाकिस्तान आधारित हरविंदर रिंदा और विदेश आधारित हैपी पासियन, जीवन फौजी और जशनप्रीत सिंह उफ् लाल द्वारा संचालित सीमापार आतंकवादी मॉड्यूल के 4 मुख्य संचालकों सहित 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर बटाला क्षेत्र में पुलिस विभाग पर संभावित ग्रेनेड हमले को टालने में सफलता प्राप्त की है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चार मुख्य अपराधियों की पहचान अर्जुनप्रीत सिंह निवासी अवान रामदास, अमृतसर; लवप्रीत सिंह उफ् लव निवासी पेरेवाल, अमृतसर; बसंत सिंह और अमनप्रीत सिंह उफ् अमन दोनों निवासी बाबा बकाला साहिब, अमृतसर के रूप में हुई है। इसके अलावा, लॉजिस्टिक सहायता देने वाले छह हैंडलरों की पहचान भी की गई है, जिनमें बरींदरपाल सिंह उफ् मनी और राजबीर सिंह उफ् राजू दोनों निवासी कटेल, अमृतसर; विश्वास मसीह उफ् भंबो निवासी भागनपुरा, अमृतसर; दिलप्रीत सिंह उफ् मन्ना, हरजोत कुमार उफ् मीतू और जोएल मसीह उफ् रोहन उफ् नोनी, तीनों निवासी डेरा बाबा नानक, बटाला शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो .30 बोर और एक .32 बोर पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड और एक ड्रोन भी बरामद किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इसके पीछे के अन्य संबंधों का पता चल सके। सीपी अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने जानकारी दी कि मॉड्यूल की गतिविधियों के बारे में मिली विश्वसनीय जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट ने अमृतसर ग्रामीण, बटाला और अमृतसर शहर के रामदास क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी डेरा बाबा नानक के गांव खाना चमारा, रामदास के गांव अवान और अमृतसर शहर के वल्ला क्षेत्र से की गई है। सीपी ने बताया कि दोनों आरोपी बसंत सिंह और अमनप्रीत सिंह उफ् अमन की गिरफ्तारी से अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 28 नवंबर, 2024 को बटाला में पुलिस अधिकारी के आवास पर हुए हमले का मामला भी सुलझा लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने इस मॉड्यूल के दूसरे मुख्य संचालक की पहचान भी कर ली है और पुलिस टीमें उसे पकडऩे के लिए छापेमारी कर रही हैं।

इस संबंध में थाना छावनी, अमृतसर में भारतीय दंड संहिता (बी.एन.एस.) की धाराओं 111(1), 111(2), 111(3), 111(4), 249 और 253, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यू.ए.पी.ए.) की धाराओं 13, 16, 17, 18, 19 और 20 और शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25(6) और 25(7) के तहत एफआईआर नंबर 191 दिनांक 03.12.2024 को मामला दर्ज कर लिया गया है।

## डबल डेकर बस और टैंकर की जोरदार टक्कर, मची चीख-पुकार, 8 लोगों की मौत; 15 से अधिक घायल



**कन्नौज** । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में शुक्रवार को एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस पानी के टैंकर से टकरा गई। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

हादसा कन्नौज जिले के सौरिख के सकरावा क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस कई यात्रियों को लेकर जा रही थी, तभी वह अचानक से आगे जा रहे वाटर टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है। एसपी कन्नौज ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छात्र ने कर दिया बड़ा कांड, स्कूल में प्रिंसिपल को मारी गोली; फिर दोस्त के साथ हुआ फरार

**छतरपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमोरा के प्रिंसिपल एसके सक्सेना की स्कूल में ही पढऩे वाले 12वीं के छात्र सदम यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब प्रिंसिपल बाथरूम में गए थे, तब छात्र पीछे से पहुंचा और कट्टे से उनके सिर में गोली मार दी। इस घटना में प्रिंसिपल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद छात्र प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर दोस्त के साथ फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र प्रिंसिपल से परेशान था, हालांकि, पुलिस इस मामले में और गहराई से जांच कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्र उसी स्कूल में पढ़ता था। पुलिस और शिक्षक मिलकर इस घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उनके ड्राइवर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सोनिया अग्रवाल के साथ उनके ड्राइवर कुलबीर को भी गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला आयोग उपाध्यक्ष ने लंबित शिकायत का निपटारा करने के बदले में रिश्वत मांगी थी। एक महिला सब इंस्पेक्टर ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसी मामले का निपटारा करने के लिए सोनिया अग्रवाल ने रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की टीम ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले की आगे जांच जारी है।

### रेप व हत्या मामले में दोषी को सजा-ए-मौत, 63 दिन में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**कोलकाता (आरएनएस)।** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में हुई एक नाबालिग लडक़ी से दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। बारुईपुर के त्वरित अपर जिला न्यायालय ने इस मामले के मुख्य आरोपी मुस्तकिन सरदार को मौत की सजा सुनाई है। यह फैसला राज्य में चल रहे आरजी कर कांड के आंदोलन के बीच आया है। आरजी कर मामले में न्याय की मांग को लेकर राज्यभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जयनगर मामले में न्याय मिलने में मात्र 63 दिन का समय लगा है। चार अक्टूबर को एक नाबालिग लडक़ी ट्यूशन से घर लौटते समय लापता हो गई थी। देर रात उसका शव घर के पास जलाशय से बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में मुस्तकिन सरदार को गिरफ्तार किया था। जयनगर मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद राज्य पुलिस ने इस सफलता पर खुशी जाहिर की है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में न्याय मिलने में जो तेजी दिखाई गई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका एक ही उद्देश्य था, पीड़िता और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाना। आरजी कर कांड में न्याय मिलने में देरी हो रही है, जबकि जयनगर मामले में मात्र 63 दिनों में ही दोषी को सजा सुना दी गई। इस तुलना ने राज्य में न्यायपालिका के प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ाया है।

### संभल में मस्जिदों और घरों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई

**संभल (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के संभल में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिजली चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। शनिवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मिलकर बिजली चोरी के नेटवर्क पकड़ा है। छतों पर फैले कटिया कनेक्शन और धार्मिक स्थलों पर अवैध कनेक्शन मिलने से अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि वह पुलिस अधीक्षक के साथ संभल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच करने पहुंचे थे। डीएम ने बताया कि हम लोग सुबह लाउडस्पीकर की जांच के लिए आए थे। कई बंद भी करवाए गए हैं। कल (शुक्रवार को) एक गिरफ्तारी भी हुई थी। बहुत सारे घरों, मदरसों और मस्जिदों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। तकरीबन 250 से 300 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। एक छत के ऊपर से अवैध बिजली घर बनाकर लोगों को सप्लाई दी जा रही थी। जितने भी रास्ते में कटिया पकड़ी गई हैं, उन सभी के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर होगी।

## आत्महत्या करने जा रही हूं... एमबीबीएस सीट नहीं मिलने पर छात्रा ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग; मौके पर मौत

**विजयवाड़ा** । आरएनएस



अनंतपुर के रयादुर्गम के पास बुधवार को एक चलती ट्रेन से कूदकर 20 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वह चित्तदुर्ग के आयुर्वेद कॉलेज में सीट मिलने के बावजूद, एमबीबीएस में एडमिशन नहीं मिलने से काफी परेशान थी।

मृतका का नाम तनुजा था, वह कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के सेदम शहर की रहने वाली थी। एमबीबीएस सीट न मिलने के बाद उसने मंगलवार सुबह चित्तदुर्ग जाकर आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस कोर्स में दाखिला ले लिया था। मंगलवार दोपहर को वह बेंगलुरु से रयादुर्गम होते हुए होस्पेट जाने वाली ट्रेन में सवार हुई थी।

सरकारी रेलवे पुलिस के अनुसार, तनुजा ने यात्रा के दौरान दोपहर 1 बजे अपने माता-पिता से संपर्क किया और उन्हें बताया कि वह एमबीबीएस सीट हासिल करने में असफल रही है और आत्महत्या करने वाली है। चिंतित होकर, उसके माता-पिता ने उससे संपर्क करने के कई प्रयास किए, लेकिन असफल रहे, जिसके बाद उन्होंने कर्नाटक पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने उसके मोबाइल फोन के लोकेशन का उपयोग करके उसकी तलाश शुरू की। इसके बाद, तनुजा रयादुर्गम के बाहरी इलाके में एक बगीचे के पास से तेज रफ्तार ट्रेन से कूद गई। उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह एक रेलवे गैंगमैन, नागेश ने ट्रैक के पास उसका शव पाया।

गुंटकल जीआरपी एसआई महेंद्र और उनकी टीम ने तनुजा का मोबाइल फोन और अन्य सबूत एकत्र किए। उसकी पहचान की पुष्टि करने के बाद, उन्होंने उसके परिवार को सूचित किया।

**आप ने जारी की चौथी लिस्ट**

## केजरीवाल नई दिल्ली से, सीएम आतिशी कालका जी से लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली** । आरएनएस




दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अपनी चौथी और आखिरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में आप ने 38 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी कालका जी और सौरभ भारद्वाज को ग्रेटर कैलाश से टिकट दिया है।

इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने बुराड़ी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, रिठाला से मोहिंदर गोयल, बवाना से जय भगवान, सुल्तानपुर माजरा से मुकेश कुमार अहलावत,नांगलोई जाट से रघुविंदर शौकीन, शालीमार बाग से बंदना कुमारी, शकूरबस्ती से सत्येंद्र कुमार जैन, त्रिनगर से प्रीति तोमर, वजीरपुर से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से अखिलेश पति त्रिपाठी को टिकट दिया है।

वहीं, सदर बाजार से सोम दत्ता, मटिया महल से शोएब इकबाल, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, करोल बाग से विशेष रवि, मोती नगर से शिव चरण गोयल,राजौरी गार्डन से धनवती चंदेला, हरिनगर से राजकुमार ढिल्लों, तिलक नगर से जनरैल सिंह, विकासपुरी से महेंद्र यादव, उत्तम नगर से पोष बालियान, द्वारका से विनय मिश्रा,दिल्ली कैंटोनमेंट से वीरेंद्र सिंह कादियान को चुनावी मैदान में उतारा है।

इसके अलावा पार्टी ने राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक, कस्तूरबा नगर से रमेश पहलवान, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, आरके पुरम से प्रमिला टोकस, महरौली से नरेश यादव, अंबेडकर नगर से अजय दत्त, संगम विहार से दिनेश मोंगिया, तुगलकाबाद से साईं राम, ओखला से अमानतुल्लाह खां, कोंडली से कुलदीप कुमार, बाबरपुर से गोपाल राय और गोकलपुर से सुरेंद्र कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है।

चौथी लिस्ट जारी होने के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा गायब है। उनके पास ना सीएम चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और न दिल्ली के लिए कोई विजन है।

## जयपुर में हेलिकॉप्टर से पहली बार ऑर्गन ट्रांसप्लांट का नया इतिहास

**जयपुर** । आरएनएस



राजस्थान में अंगदान के क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया जब एक ब्रेनडेड युवक के अंगों को हेलिकॉप्टर के जरिए ट्रांसप्लांट सेंटर तक पहुंचाया गया। यह घटना उन मरीजों के लिए जीवनदायिनी बनी, जो वर्षों से ऑर्गन ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहे थे।

**झालावाड़ से जयपुर और जोधपुर तक जीवन की उड़ान-** झालावाड़ जिले के पीपाजी निवासी विष्णु (33) को 10 दिसंबर को झगड़े के बाद गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें ब्रेनडेड घोषित कर दिया गया। विष्णु के परिवार ने 13 दिसंबर को साहसिक कदम उठाते हुए ऑर्गन डोनेशन की सहमति दी। इसके बाद जयपुर और जोधपुर में जरूरतमंद मरीजों के लिए अंगों को विशेष हेलिकॉप्टर के जरिए ट्रांसपोर्ट किया गया।

रविवार सुबह करीब 11:30 बजे, झालावाड़ से हेलिकॉप्टर ने ऑर्गन लेकर उड़ान भरी और कुछ समय बाद जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में लैंडिंग की। ऑर्गन को दो विशेष बॉक्सों में रखा गया था, जिसमें से एक जयपुर के लिए और दूसरा जोधपुर के लिए भेजा गया।

**ग्रीन कॉरिडोर की मदद से जयपुर हॉस्पिटल तक ऑर्गन ट्रांसपोर्ट-** जयपुर में हार्ट और लंग्स को तत्काल एसएमएस हॉस्पिटल तक पहुंचाया गया, जहां मरीजों की सर्जरी के लिए पहले से तैयारी की जा चुकी थी। हेलिकॉप्टर की रिफ्यूलिंग के बाद, दूसरा बॉक्स लेकर हेलिकॉप्टर ने जोधपुर एम्स के लिए उड़ान भरी और दोपहर 12:45 बजे स्पोर्ट्स ग्राउंड में लैंडिंग की।

**जयपुर में 2 मरीजों को जीवनदान-** हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट: जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में एक मरीज को हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट किया जाएगा। यह ऑपरेशन करीब 12 घंटे चलेगा, जिसमें ट्रांसप्लांट टीम, एनेस्थीसिया एक्सपर्ट, नर्सिंग स्टाफ और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की 25 सदस्यीय टीम शामिल होगी।

**किडनी ट्रांसप्लांट:** जयपुर के एसएसबी सुपर स्पेशलिस्ट बिल्डिंग में एक अन्य मरीज को किडनी का प्रत्यारोपण किया जाएगा।

**जोधपुर में 2 अंगों का प्रत्यारोपण-** लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट: जोधपुर एम्स में एक मरीज को लिवर और एक अन्य मरीज को किडनी प्रत्यारोपित की जाएगी। सर्जरी की तैयारी पहले से की जा चुकी थी और इस ऑपरेशन में भी करीब 12 घंटे का समय लगेगा।

**परिवार की मिसाल : 4 लोगों को मिला नया जीवन-** विष्णु के परिवार का यह निर्णय 4 जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित हुआ। यह घटना न केवल मेडिकल फील्ड के लिए मील का पत्थर है बल्कि समाज को अंगदान के प्रति जागरूक भी करती है।

**विशेषज्ञों की राय -** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स के अनुसार, अंगों को सुरक्षित समय पर ट्रांसप्लांट सेंटर तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल एक क्रांतिकारी कदम है। इससे ट्रांसप्लांट की सफलता दर और मरीजों की रिकवरी बेहतर होती है।

झालावाड़ से जयपुर और जोधपुर तक जीवन की इस उड़ान ने दिखा दिया कि सही समय पर सही फैसले से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। विष्णु के परिवार का यह महान कदम आने वाले समय में अन्य परिवारों को भी अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।

## अमृतसर कोर्ट में पेशी के दौरान सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले नारायण सिंह चौधरी को फिर से पुलिस रिमांड पर भेजा गया

**अमृतसर** । आरएनएस

कोर्ट में पेशी के दौरान नारायण सिंह चौधरी पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने फिर से रिमांड पर लिया है। पुलिस ने उसे आज तीसरी बार अदालत में पेश किया, जहां कोर्ट ने दो दिन की रिमांड मंजूर की। नारायण सिंह चौधरी को पहले 3 दिन की रिमांड पर लिया गया था और अब पुलिस ने उसकी और रिमांड के लिए अनुरोध किया।

यह मामला 4 दिसंबर का है जब नारायण सिंह चौधरी ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के चौकीदार के रूप में कार्यरत सुखबीर सिंह बादल पर हमला किया था, जिसके बाद उसे अमृतसर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि जांच चल रही है और अभी कई तथ्य सामने आना बाकी हैं।

इससे पहले, शिरोमणि कमेटी की तरफ से सीसीटीवी फुटेज देने का मामला भी उठाया गया, जिसे अदालत में प्रस्तुत करने के लिए वकीलों ने अपील की। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य व्यक्ति धर्म सिंह को नामजद किया है, जिसकी गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हो पाई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच जारी है और सोमवार को फिर से नारायण सिंह चौधरी को अदालत में पेश किया जाएगा।

## महाकुंभ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ** । आरएनएस



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) के दौरान 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कर रही है।

सरकार का अनुमान है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। महाकुंभ के लिए 12 किमी की लंबाई में घाट तैयार किए जा रहे हैं। कुल 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से देश की 11 भाषाओं में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कुंभ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गिनती भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुंभ होगा। यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी।

संभल के मुद्दे पर भी उन्होंने बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि रविवार को लोकसभा में चर्चा संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। उन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति और ज्योतिर्लिंग रातों-रात तो नहीं आई।

उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। ये लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य और भव्य बना। महाकुंभ-2025 में आस्था और आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा।

सीएम ने इशारों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया। लेकिन वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दिया। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कठघरे में खड़ा किया गया। वे लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं, यानी सच बोलने और देश की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हें काशी, अयोध्या के आध्यात्मिकता और विकास से परेशानी है। उन लोगों ने दशकों तक शासन किया, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। अब अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं।